# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक : 4462/अका./वि.प.स्थायी समिति/2024 रायपुर, दिनांक 26/09/2024

विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक गुरुवार, दिनांक 26.09.2024 को अपराह्न 4:30 बजे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन स्थित कुलपति सचिवालय के सभा–कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

1. प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, कुलपति – अध्यक्ष
2. डॉ. मीता झा – सदस्य
3. डॉ. निनाद बोधनकर – सदस्य
4. डॉ. तपेश चन्द्र गुप्ता – सदस्य
5. डॉ. राजीव चौधरी – सदस्य
6. डॉ. (श्रीमती) रश्मि मिंज (Online) – सदस्य
7. डॉ. संजय जे. डहरवाल – सदस्य
8. डॉ. (श्रीमती) पद्मा बोहरे – सदस्य
9. डॉ. शैलेंद्र कुमार पटेल, कुलसचिव – सचिव

## कार्यवृत्त

01. विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 20.08.2024 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णयः सम्पुष्टि की गई।**

02. विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 20.08.2024 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णयः सूचना ग्रहण की गई।**

**03.** निरीक्षण समिति के प्रतिवेदन के आधार पर निम्नलिखित महाविद्यालय को उनके नाम के सम्मुख दर्शित कक्षा/विषय, छात्र–संख्या एवं सत्रानुसार **अस्थायी** संबद्धता दिए जाने के संबंध में विस्तृत टीप के साथ, सूची निम्नानुसार है –

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| i. | स्पेक्ट्रम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नरदहा, रायपुर | B.Com. (C.A.)-I | 40 | 2022–23 |
| | | D.C.A. | 40 | |
| | **निर्णयः** **महाविद्यालय को उपरोक्त पाठ्यक्रम के लिए शासन से प्राप्त मान्यता आदेश सत्र 2022–23 के स्थान पर वर्तमान सत्र के लिए संशोधित आदेश के साथ प्रस्तुत करने हेतु पत्र प्रेषित किये जाने की अनुशंसा की गई।** | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| ii. | कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड, भाटापारा | PGDCA seat extension | 20 | 2024–25 |
| | **निर्णयः** **निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त के साथ अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।** | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| iii. | शास. जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर | M.A.-III/IV Sem. Psychology | 20 | 2024–25 |
| | | M.Sc. III/IV Sem. Botany | 20 | |
| | | B.Sc.-II- Computer Science | 40 | |
| | **निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त के साथ अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।** | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| iv. | विवेकानंद इंस्टीट्यूट फार ह्यूमन एक्सीलेंस (कॉलेज डिविजन) रामकृष्ण परमहंस नगर, कोटा, रायपुर | B.Com. -III- Compulsory Subject | 60 | 2022–23 |
| | | B.Com. -III- Computer Appl. | 40 | |
| | | B.B.A.-III | 40 | |
| | **निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त के साथ अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।** | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| v. | स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महावि. मोपका–निपनिया, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा | B.Sc. -II- Botany, Zoology | 90 | 2024–25 |
| | **निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त के साथ अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।** | | | |

## <u>स्थायी संबद्धता</u>

04. निरीक्षण समिति के प्रतिवेदन के आधार पर निम्नलिखित महाविद्यालय को उनके नाम के सम्मुख दर्शित कक्षा/विषय, छात्र–संख्या एवं सत्रानुसार **स्थायी** संबद्धता दिए जाने के संबंध में विस्तृत टीप के साथ, सूची निम्नानुसार है –

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| i. | ग्रेसियस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बेलभाटा, अभनपुर, जिला–रायपुर (छ.ग.) | B.Ed. & M.Ed. | | 2024–25 |
| | **निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त के साथ स्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।** | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| ii. | महर्षि वेद व्यास शासकीय महाविद्यालय, भखारा, जिला–धमतरी | M.A.-Hindi | 30 | 2024–25 |
| | | M.A.-Economics | 30 | |
| | | M.Com. | 30 | |
| | | M.Sc. Zoology | 30 | |
| | | M.Sc. Botany | 30 | |
| | **निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त के साथ स्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।** | | | |

05. एम.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर माईक्रोबायोलॉजी में एक सीट की वृद्धि करने के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः एम.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर माईक्रोबायोलॉजी सत्र 2024–25 के लिए एक सीट की वृद्धि करने अनुशंसा की गई।**

06. M.A. Yogashastra के आधार पर शारीरिक शिक्षा (Physical Education) विषय में पी–एच.डी. पात्रता के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः पात्रता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। साथ ही सभी अध्ययनशालाओं को पत्र प्रेषित कर उनके विषय से संबंधित Allied Subject को सूचीबद्ध करते हुए अध्ययन मण्डल की अनुशंसा के साथ विस्तृत जानकारी विद्यापरिषद्/विद्यापरिषद् की स्थायी समिति में प्रस्तुत करने की अनुशंसा की गई।**

07. साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला में एम.ए. हिन्दी में 05 पेमेंट सीट वृद्धि के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः अनुशंसा की गई।**

08. इलेक्ट्रानिक्स एवं फोटोनिक्स अध्ययनशाला में एम.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर में 05 अतिरिक्त सीट में प्रवेश के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः अनुशंसा की गई।**

09. किरण उइके को विश्वविद्यालय द्वारा जारी B.N.Y.S. उपाधि के अनुरूप ही उपाधि की द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट) प्रदान किये जाने के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः उपाधि की प्रारूप व द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट) प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई।**

10. चार वर्षीय Bachelor of Physical Education & Sports (BPES) पाठ्यक्रम के नवीन अध्यादेश के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः चार वर्षीय Bachelor of Physical Education & Sports (BPES) पाठ्यक्रम के नवीन अध्यादेश क्रमांक– 211 की अनुशंसा की गई।**

11. आर्यभट्ट कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, कोपरा, जिला–गरियाबंद को सत्र 2012–13 से नवीन कक्षा/सीट वृद्धि के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः तीन सदस्यीय निरीक्षण समिति से पुनः निरीक्षण कराये जाने की अनुशंसा की गई।**

12. अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में B.Voc. RETM (Renewable Energy Technology Management में 50 सीट से घटाकर 25 सीट किये जाने के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में B.Voc. RETM (Renewable Energy Technology Management में 50 सीट को अस्थायी रूप से घटाकर 15 सीट की गई साथ ही बी.वॉक उपाधि की अन्य स्नातक उपाधि के समकक्ष समतुल्यता व अन्य स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश के संबंध में संबंधित अध्ययनशाला से प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने अनुशंसा की गई।**

13. शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा, जिला–रायपुर (छ.ग.) एम.ए. राजनीति शास्त्र प्रथम सेमेस्टर में सीट वृद्धि के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा, जिला–रायपुर (छ.ग.) में एम.ए. राजनीति शास्त्र प्रथम सेमेस्टर में आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल इंद्रावती भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक 80/21/आउशि/ योजना/2024, दिनांक 14.08.2022 के द्वारा सत्र 2024–25 से सीट वृद्धि आदेश निम्नानुसार अनुशंसा की गई :–**

| क्र. | कक्षा/विषय का नाम | निर्धारित सीट संख्या | वृद्धि हेतु मान्य सीट संख्या | सीट वृद्धि उपरांत निर्धारित कुल सीट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.ए. राजनीति शास्त्र प्रथम सेमेस्टर | 30 | 10 | 40 |

14. स्नातक परीक्षा (बी.ए.,बी.एस.सी.,बी.कॉम.,बी.ए. क्लासिक्स) उत्तीर्णोपरांत अतिरिक्त प्रश्न–पत्र अनुमति के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः स्नातक परीक्षा (बी.ए.,बी.एस.सी.,बी.कॉम.,बी.ए. क्लासिक्स) उत्तीर्णोपरांत अतिरिक्त प्रश्न–पत्र अनुमति के संबंध में अतिरिक्त प्रश्न–पत्र/विषय की अनुमति चाहने वाले छात्रों के प्रकरण के संबंध में विश्वविद्यालय को प्रशासनिक रूप से प्रकरण अनुसार निर्णय लिये जाने के लिये अनुशंसा की गई।**

15. संशोधित अध्यादेश क्रमांक 178 के अनुक्रम में M.Tech. Opto Electronics & Laser Technology के प्रस्तावित नवीन विनियम OPTOELECTRONICS & LASER TECHNOLOGY के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः संशोधित अध्यादेश क्रमांक 178 के अनुक्रम में M.Tech. Opto Electronics & Laser Technology के प्रस्तावित OPTOELECTRONICS & LASER TECHNOLOGY नवीन विनियम क्रमांक 216 की अनुशंसा की गई।**

16. परम आदर्श स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बलौदाबाजार को एलएल.बी. भाग–1 (सीट संख्या–60) सत्र 2025–26 की सम्बद्धता के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त के साथ अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई, जिसमें उल्लेखित हो कि छात्रों का प्रवेश बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अनुमति पश्चात् ही प्रदान किया जाए व अनुमति की प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।**

17. माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा अनुमोदित किये जाने तथा छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक एफ 3–31/2024/38–2 दिनांक 09.09. 2024 के अनुक्रम में संशोधित अध्यादेश क्रमांक 170 में किये गये संशोधनों को विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 4389/अका./2024, दिनांक 19.09.2024 के द्वारा अधिसूचित किये जाने के फलस्वरूप संशोधन को समाहित करते हुए संशोधित अध्यादेश क्रमांक 170 से संबंधित स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों को शिक्षा सत्र 2024–26 हेतु (परीक्षा दिसंबर–2024 प्रथम सेमेस्टर, मई–2025 द्वितीय सेमेस्टर, दिसंबर–2025 तृतीय सेमेस्टर, मई–2026 चतुर्थ सेमेस्टर) को प्रकाशित किया गया है, उक्त की सूचना ग्रहण करने पर विचार करना।

**निर्णयः सूचना ग्रहण की गई।**

18. स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय, बसना, जिला–महासमुंद में पी.जी.डी.सी.ए. में सीट वृद्धि के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय, बसना, जिला–महासमुंद में पी.जी.डी.सी.ए. में छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर का पत्र क्र. एफ 3–88/2021/38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07.06.2024 के द्वारा सत्र 2024–25 से सीट वृद्धि आदेश का निम्नानुसार अनुशंसा किया गया है :–**

| क्र. | कक्षा/विषय का नाम | निर्धारित सीट संख्या | वृद्धि हेतु मान्य सीट संख्या | सीट वृद्धि उपरांत निर्धारित कुल सीट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | PGDCA (Self Finance) | 30 | 30 | 60 |

19. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायुपर के बी.ए.एल.एल.बी. की परीक्षा में प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को सत्र 2023–24 से 'स्व. राजीव खनूजा स्वर्ण–पदक' प्रदान करने हेतु नवीन विनियम की अनुशंसा करना।

निर्णयः (1) **दानदाता प्रोफेसर राज भारती खनूजा, एम.आई.जी.–10, सेक्टर–3, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा 'स्व. राजीव खनूजा स्वर्ण–पदक' (LATE. RAJEEV KHANUJA GOLD MEDAL) के नाम से सत्र 2023–24 से बी.ए.एल.एल.बी. की परीक्षा में प्रथम प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को स्वर्ण–पदक प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित विनियम क्रमांक 217 की अनुशंसा गई।**

(2) **सर्वसम्मति से स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने के लिये दानदाता से प्रदत्त राशि को रुपए 5,00,000.00 (रुपए पाँच लाख मात्र) किये जाने की अनुशंसा के साथ कार्यपरिषद् को प्रेषित किये जाने की भी अनुशंसा की गई।**

20. पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2024 के लिये Research Methodology के पाठ्यक्रम के निर्माण के लिये गठित समिति के द्वारा प्रस्तुत पाठ्यक्रम की अनुशंसा पर विचार करना।

**निर्णयः पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2024 के लिये Research Methodology के पाठ्यक्रम की मात्र सत्र 2024–25 के प्रवेश परीक्षा के लिए अनुशंसा की गई।**

21. Policy for Professor of Practice in Pt. Ravishankar University (Based on National Education Polity 2020) विनियम क्रमांक 213 के अनुक्रम में समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला के अंतर्गत पद्मश्री श्री जागेश्वर राम यादव को छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति बिरहोर जनजाति के सामाजिक शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर 15 वर्ष से भी अधिक समय से किये जा रहे योगदान को ध्यान में रखते हुए, Professor of Practice के रूप में अवसर दिये जाने के प्रस्ताव पर विचार करना।

**निर्णयः अनुशंसा की गई।**

22. सत्र 2024–25 के लिए निम्नलिखित महाविद्यालयों ने वार्षिक संबद्धता एवं वृद्धि शुल्क की राशि विश्वविद्यालय कोष में जमा कर दी है। वार्षिक संबद्धता आदेश प्रदान करने हेतु प्रकरण विद्यापरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत :–

| क्रमांक | शासकीय महाविद्यालय |
|---|---|
| 1 | शास. बृजलाल वर्मा महाविद्यालय, पलारी |
| 2 | स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय, मोपका–निपनिया, जि.–बलौदाबाजार– भाटापारा (छ.ग.) 493118 (सत्र 2023–24 एवं 2024–25) |
| 3 | शासकीय नवीन महाविद्यालय, पिरदा, जिला–महासमुंद |
| 4 | शास. नवीन महाविद्यालय, गुढ़ियारी, रायपुर |
| 5 | बुढ़ान शाह जी शास. महा. तेंदुकोना, जिला–महासमुंद (सत्र 2022–23 एवं 2023–24) |
| 6 | शास. गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महा. भाटापारा 493118 |
| 7 | यशवंत राव मेघावाले शास. महा., मगरलोड जिला– धमतरी (सत्र 2023–24) |
| 8 | नवीन शासकीय महाविद्यालय, माना कैम्प, रायपुर |
| **क्रमांक** | **अशासकीय महाविद्यालय** |
| 1 | सजग महाविद्यालय, सारागांव, जिला–रायपुर |
| 2 | कृती इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन, ग्रा+पो.–नरदहा, रायपुर (छ.ग.) 493111 |
| 3 | सेंट्रल कालेज आफ आई.टी., फाफाडीह, रायपुर |
| 4 | दिशा कालेज आफ मैनेजमेंट स्टडीज, विधानसभा रोड चंदखुरी, बलौदाबाजार रोड रायपुर |
| 5 | श्री बीरेन्द्र दीपक शिक्षा, महाविद्यालय, जामगांव, जिला–गरियाबंद (छ.ग.) 493992 |
| 6 | गुरूकुल महाविद्यालय, मगरलोड, जिला–धमतरी |

**निर्णयः अनुशंसा की गई।**

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य निर्णय

01. **पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में वर्तमान में विभिन्न अध्ययनशालाओं तथा विषयों में प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापक के शासन द्वारा स्वीकृत पद (कॉलम A) तथा UGC मानक को परिपूर्ण किए जाने हेतु विश्वविद्यालय में आवश्यक पदों के संख्या की गणना (कॉलम B) निम्नलिखित है –**

| | | A | | | B | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SN | SOS/SUBJECT | CURRENT POSITIONS | | | REQUIRED TO FULLFILL UGC NORMS | | |
| | | PROF | ASSO PRO | ASST PRO | PROF | ASSO. PRO | ASSIST. PRO |
| 1 | PSYCHOLOGY | 1 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | HISTORY | 1 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | STATISTICS | 1 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | COMPUTER SCIENCE | 1 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | GEOLOGY | 1 | 1 | 5 | 0 | 1 | 0 |
| 6 | REGIONAL STUDIES AND RESEARCH CENTER | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 4 |
| 7 | LIBRARY SCIENCE | 0 | 1 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| 8 | COMPARATIVE RELIGION, PHILOSOPHY AND YOGA | 1 | 1 | 3 | 0 | 1 | 1 |
| 9 | ANCIENT INDIAN HISTORY | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| 10 | BIOTECHNOLOGY | 1 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 |
| 11 | LAW | 1 | 1 | 5 | 0 | 1 | 6 |
| 12 | PHYSICAL EDUCATION | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 2 |
| 13 | ENVIRONMENTAL SCIENCE | 0 | 1 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| 14 | MICROBIOLOGY | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 3 |
| 15 | BIOCHEMISTRY | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 3 |
| 16 | PHARMACY | 17 POST ASSISTANT PROFESSOR (SELF FINANCE) | | | | | |

उपर्युक्त प्रस्ताव राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित किये जाने हेतु विद्या परिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णयः राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ को औचित्य के साथ पत्र प्रेषित किये जाने की अनुशंसा की गई।**

02. CAS (Carrier Advancement Scheme) के अंतर्गत विभिन्न विषयों के सह–प्राध्यापक से प्राध्यापक पद पर पदोन्नति हेतु Evaluation Report को विभिन्न विषयों के विषय विशेषज्ञों से कराया जाना है। विषय निम्नलिखित है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर साइंस | 5. | रसायन |
| 2. | प्रबंधन | 6. | साहित्य एवं भाषा |
| 3. | जैव प्रौद्योगिकी | 7. | ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान |
| 4. | फार्मेसी | 8. | समाजशास्त्र |

उपर्युक्त विषय विशेषज्ञों के पैनल पर विचार करना।

**निर्णयः उपर्युक्त 8 विषयों के Evaluation Report हेतु विशेषज्ञों के पैनल की अनुशंसा की गई।**

**धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ बैठक संपन्न हुई।**

26/9/24 — **कुलपति**
अध्यक्ष

26/9/24 — **कुलसचिव**
सचिव

पृ. क्रमांक :4463/अका./वि.प.स्थायी समिति/2024 रायपुर, दिनांक 26/09/2024

**प्रतिलिपि :–**

1. समस्त संकायाध्यक्षों को,
2. वित्त नियंत्रक/अंकेक्षण,
3. उ.कु.स. परीक्षा/सामान्य प्रशासन/स.कु.स. गोपनीय,
4. संचालक, आई.क्यू.ए.सी.,
5. कुलपति/कुलसचिव के निज सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाही हेतु अग्रेषित्।

**उप–कुलसचिव (अका.)**